राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

'राज्यपाल को स्वातंत्र्य समर के अमर बलिदानी पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट'

जयपुर, 15 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर श्री पवन कुमार द्वारा लिखित पुस्तक स्वातंत्र्य समर के अमर बलिदानी की प्रथम प्रति सोमवार को यहाँ राजभवन में भेंट की गई।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस मौके पर कहा कि स्वतंत्रता संघर्ष में अहिंसात्मक आंदोलन के साथ–साथ क्रांतिकारियों का प्रबल प्रवाह था। छोटे– छोटे दलों में सक्रिय क्रांतिकारियों ने आजादी की अलख जगाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन सभी प्रयासों के फलस्वरूप देश को स्वतंत्रता मिली। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर क्रांतिकारियों के जीवन और बलिदान के बारे में जानकारी देने वाली इस पहल की सराहना की।

इस अवसर पर सांसद श्री रामचरण बोहरा, श्रीमती जसकौर मीणा, जनरल (रिटा.) श्री विशम्भर सिंह, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री चन्द्रशेखर सहित प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

———